अमृता अन्न सेवा का समापन

बालगोपाल सेवा निकेतन ने आयोजित किया

केसिंगा. बालगोपाल सेवा निकेतन भवानीपटना द्वारा चलाई जा रही अमृता अन्न सेवा योजना का एक महीना पूरा हो गया है. ज्ञातव्य है कि यह सेवा वर्ष भर चलेगी. वैसे तो तमाम सरकारी अस्पतालों में भर्ती मरीजों के लिये भोजन की व्यवस्था सरकार की तरफ से होती है, परन्तु मरीजों के साथ आने वाले लोगों को यह सुविधा उपलब्ध नहीं होती, जिसके चलते अपेक्षतया ग़रीब तबक़े के लोगों को अत्यधिक कठिनाई का सामना करना पड़ता है. इसी बात के मद्देनजर बालगोपाल सेवा निकेतन द्वारा गत 24 सितम्बर से यह योजना शुरू की गयी है. जिसका लक्ष्य जिला मुख्यालय भवानीपटना स्थित सदर अस्पताल में भर्ती मरीजों के साथ आने वाले कोई साठ लोगों को यह सेवा प्रतिदिन प्रदान की जा रही है. सेवा निकेतन के प्रतिष्ठाता हेमन्त मुंड ने जानकारी देते हुये बतलाया कि यद्यपि, अस्पताल में रोजाना कोई 250-300 लोगों को इसकी जरूरत है, लेकिन संसाधनों की कमी के कारण एकसाथ उसकी पूर्ति करना सम्भव नहीं हो रहा है. हालांकि श्रध्दानिष्ठ लोग अपने जन्मदिन, वैवाहिक वर्षगांठ व पित्र-श्राध्द आदि के बहाने इस सेवा योजना के साथ जुड़ अपना महत्वपूर्ण योगदान प्रदान कर रहे हैं, लेकिन अभी यह पर्याप्त नहीं हो रहा है. उन्होंने बतलाया कि सेवा योजना का नाम ह्यअमृता अन्न सेवाह्न आध्यात्मिक सेवा क्षेत्र में ख्यातिनाम सद्गुरु माता अमृतामयी देवी के नाम पर रखा गया है.